DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

2 दैनिक जागरण देहरादून/हरिद्वार, 28 दिसंबर, 2024 राजधानी जागरण

डिग्रीधारी विद्यार्थी नौकरी की तलाश तक सीमित न रहें : राज्यपाल

दून विवि के दीक्षा समारोह में 37 मेधावियों को प्रदान किए मेडल, सुमित शर्मा और ऋषभ उनियाल को प्रो. गजेंद्र सिंह आलराउंड बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड

जागरण संवाददाता, देहरादून : राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने कहा कि आज का युग परिवर्तन, नवाचार और आधुनिकीकरण का है। जहां विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से 21वीं सदी की चुनौतियों का समाधान खोजने की आवश्यकता है। उन्होंने डिग्री ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे केवल नौकरी की तलाश तक सीमित न रहें, बल्कि अपने ज्ञान, रचनात्मक सोच और कठिन परिश्रम के बल पर स्टार्टअप शुरू करें और सफल उद्यमी बनें।

शुक्रवार को दून विश्वविद्यालय के पांचवें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यअतिथि राज्यपाल ने 37 मेधावियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया। दीक्षा समारोह में स्नातक के 398, परास्नातक के 293 छात्रों और 25 पीएचडी छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डा.धन सिंह रावत भी मौजूद रहे। दीक्षा समारोह में सुमित शर्मा और ऋषभ उनियाल को प्रो. गजेंद्र सिंह आलराउंड बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड दिया गया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह क्षण उनके जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत है और उनके सपनों को साकार करने का एक सुनहरा अवसर है। राज्यपाल ने युवाओं को देश की प्रगति और अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्पित रहें, नवाचार को अपनाएं और उद्यमिता के माध्यम से देश के आर्थिक विकास को गति दें। पूर्व प्रधानमंत्री डा मनमोहन सिंह के निधन के कारण राज्यपाल ने गार्ड आफ आनर नहीं लिया। साथ ही विवि में सांस्कृतिक गतिविधियां भी नहीं हुईं। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने ज्ञान और क्षमताओं का उपयोग गांवों, गरीबों और समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए करें। कहा कि समाज और राष्ट्र की बेहतरी में योगदान देने से ही उनकी शिक्षा और उपाधि की सार्थकता सिद्ध होगी। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे जिम्मेदार नागरिक के रूप में देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं। दून विवि के कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। इस अवसर पर पद्मश्री प्रीतम भरतवाण, माधुरी बड़थ्वाल, बसंती बिष्ट, प्रेमचंद शर्मा, विधायक मुन्ना सिंह चौहान, पूर्व डीजीपी अनिल रतूड़ी आदि उपस्थित रहे।

दून विवि के पांचवें दीक्षा समारोह मे गोल्ड मेडल से सम्मानित छात्र-छात्राएं। एक छात्रा को गोल्ड मेडल से सम्मानित करते राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.)। साथ मे उच्च शिक्षा मंत्री डा.धन सिंह रावत व विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल • जागरण

विज्ञानी क्षमता बढ़ाकर विश्व स्तर पर शोध की जरूरत : डा. पी बलराम

दीक्षा समारोह मे विशेष तौर पर आमंत्रित भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरू के पूर्व अध्यक्ष एवं पद्मभूषण डा. पी बलराम ने उत्तराखंड की उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहे दून विश्वविद्यालय की सराहना की। साथ ही हमारे जीवन में विज्ञान एवं तकनीकी के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि हमें निरंतर आगे बढ़ते हुए अपनी विज्ञानी क्षमता को बढ़ाना चाहिए और विश्व स्तर पर शोध कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य आज की युवा पीढ़ी पर है, उन्हें विकास के पथ पर अग्रसर रहते हुए देश में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्यरत रहना चाहिए।

37 में से 26 लड़कियों ने प्राप्त किए गोल्ड मेडल

गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में मैत्री रावत, अर्पिता दास, सत्कार त्रिपाठी, कृतिका मेहरा, यशस्वी डंगवाल, काजल नेगी, अनन्य पाठक, दिशा बिष्ट, पूजा वर्मा, आयुषी रावत, करन बिष्ट, अनिषा सैनी, सोनाली चौहान, वैष्णवी चौहान, प्रशांत बिष्ट, विनायक तिवारी, हर्ष कुमार, दिव्यांशी रावत, गौरी डंगवाल, आस्था नेगी, निधि गुसाईं, निधि गोविंद, श्रेया सेमवाल, मुस्कान नेब, अपेक्षा पंत, कंगना जायसवाल, दिव्यांश कोटनाला, प्रत्युष बर्थवाल, अनुष्का राणा, अनिरुद्ध थपलियाल, आयुष शर्मा, अंकुर पांथरी, अजय भूषण रावत, श्वेता, अक्षय पाणिगृही, मनिका, ज्योत्सना फुलोरिया।

Newspaper –Dainik Jagran
Date– 28.12.2024